# कार्यालयःजिला बेसिक शिक्षा अधिकारी–बलरामपुर।

पत्रांकः बे0शि0 / पदोन्नति / 6218-27 / 2023–24 दिनांकः 02-01-2024

समस्त खण्ड शिक्षा अधिकारी
बलरामपुर।

**विषयः–उ0प्र0 बेसिक शिक्षा परिषद के अधीन जूनियर बेसिक विद्यालय में कार्यरत / शिक्षिकाओं की पदोन्नति की सम्बन्ध में।**

उपर्युक्त विषयक सचिव, उ0प्र0 बेसिक शिक्षा परिषद, प्रयागराज के पत्रांकः बे0शि0प0 / 29121–99 / 2023–24 दिनांकः 15.10.2023, पत्रांक / 3116–322 / 2023–24 दिनांकः 08.11.2023 पत्रांकः 32822–32890 / 2023–24 दिनांकः 05.12.2023 एवं पत्रांकः बे0शि0प0 / 37251–328 / 2023–24 दिनांकः 29.12.2023 का संदर्भ ग्रहण करें। जिसके द्वारा उत्तर प्रदेश बेसिक शिक्षा परिषद के अधीन जूनियर बेसिक शिक्षा के विद्यालय में कार्यरत सहायक शिक्षक / शिक्षिकाओं की जनपदीय समिति द्वारा पदोन्नति हेतु पात्र शिक्षक एवं शिक्षिकाओं की पदोन्नति एवं पदास्थापन शासनादेश संख्या रिट–981 / अरसठ–52022–657 / 2021 दिनांकः 20.08.2022 में दी गयी व्यवस्थानुसार राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केन्द्र उ0प्र0 लखनऊ द्वारा विकसित साफ्टवेयर के माध्यम से किये जाने के निर्देश दिये गये है।

उत्तर प्रदेश बेसिक शिक्षा परिषद के अधीन संचालित जूनियर बेसिक विद्यालयों में कार्यरत सहायक शिक्षक एवं शिक्षिका की पदोन्नति की कार्यवाही उ0प्र0 अध्यापक सेवा नियमावली–1981 (अद्यतन संशोधित) में निहित प्राविधानुसार शिक्षक के ऑनलाइन विद्यालय आवंटन एवं आदेश की कार्यवाही साफ्टवेयर के माध्यम से दिनांकः 06.01.2024 के अपरान्ह् से सम्पादित की जाएगी।

उक्त के दृष्टिगत विद्यालय आवंटन की कार्यवाही दिनांक :06.01.2024 को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय बलरामपुर के प्रांगण में अपरान्ह् से कराया जाना निर्धारित है।

अतः उपरोक्त के कम में आपको आदेशित किया जाता है कि पदोन्नति हेतु अपने–अपने विकास खण्ड की वांछित सूचना साफ्ट एवं हार्ड कापी में दिनांक 04.01.2024 तक प्रत्येक दशा में उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

(कल्पना देवी)
जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी
बलरामपुर।

पृष्ठांकनःसं0 / पदोन्नति / / 2023–24 तद्दिनांक।

प्रतिलिपिःनिम्नांकित अधिकारियों की सेवा में सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु सादर प्रेषित।

1. महानिदेशक स्कूल शिक्षा उ0प्र0 लखनऊ।
2. जिलाधिकारी महोदय, बलरामपुर।
3. मुख्य विकास अधिकारी, महोदय, बलरामपुर।
4. शिक्षा निदेशक (बेसिक) उ0प्र0 लखनऊ।
5. सचिव, उ0प्र0 बेसिक शिक्षा परिषद, प्रयागराज।
6. प्राचार्य, जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान बलरामपुर।
7. मण्डलीय सहायक शिक्षा निदेशक (बेसिक) देवीपाटन मण्डल गोण्डा।
8. प्रधानाचार्या, राजकीय बालिका इण्टर कालेज, उतरौला।
9. श्री वेद प्रकाश चौरसिया प्रवक्ता, डायट बलरामपुर।
10. कार्यालय प्रति।

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी
बलरामपुर।